पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

1864
पटना नगरपालिका
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक: 8217

Date / दिनांक: 03/05/2024

Patna Municipal Corporation
Date:03-05-2024
2024208217

सेवा में,

1. कार्यपालक पदाधिकारी, सभी अंचल
2. कार्यपालक अभियंता, सभी प्रमंडल

पटना नगर निगम

विषय :- **जल निकासी से संबंधित अन्तर्विभागीय मामलों का अधतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि वर्ष 2024 के आसन्न मानसून की तैयारियों के क्रम में मानसून पूर्व समस्त जल निकासी तंत्र की सफाई की जा रही है। सुगम जल निकासी को दृष्टिगत रखते हुए पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अन्य सरकारी विभाग/एजेन्सी द्वारा किये जा रहे कार्य के कारण जल-जमाव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर इसका निराकरण हेतु लगातार अन्तर्विभागीय बैठक के माध्यम से कार्य निष्पादन हेतु निदेश दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि अन्तर्विभागीय बैठक के दौरान विभिन्न विभाग/एजेन्सी के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य निष्पादन से संबंधित सूचना देते है।

अत: उक्त के आलोक में आप सभी निदेशित है कि जल निकासी से संबंधित अन्तर्विभागीय मामलों का Joint Visit करते हुए अधतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। ताकि माननीय विभागीय मंत्री तथा वरीय पदाधिकारी द्वारा आहूत समीक्षा बैठक में वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा सके।

विश्वासभाजन

03/05

अपर नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम

03.5.24

ज्ञापांक:- Sani/VI/230/350/2024 — 8217, दिनांक:- 03/05/2024

प्रतिलिपि:-

1. मुख्य नगर अभियंता, पटना नगर निगम को सूचनार्थ प्रेषित।
2. नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को सादर सूचनार्थ समर्पित।

03/05

अपर नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम

03.5.24